महत्वपूर्ण एवं खास

नशीली टेबलेट के साथ अपचारी बालक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। गुढियारी पुलिस ने कबीर चौक के पास नशीली टेबलेट के साथ अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 43 नग नाइट्रोजन टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कबीर चौक रामनगर में दबिश देकर 17 वर्षीय अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 43 नग नाइट्रोजन टेबलेट जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 298 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

भोपालपटनम रिजर्व फारेस्ट से 10 अवैध कब्जाधारियों को हटया गया

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के भोपालपटनम रिजर्व फारेस्ट के रामपुरम के जंगल मे रुद्राराम डिपो के पास से वन भूमि पर किये गये, 10 अवैध कब्जाधारियों को तीन माह में तीसरी बार हटाने की कार्यवाही वन विभाग ने एसडीओ नीतिश रावटे, रेंजर पुष्पेंद्र सिंह के साथ वन रक्षक की मौजूदगी में किया गया है। इस कार्यवाही के लिए महिला वन रक्षकों को मद्देड, भैरमगढ़ से बुलाया गया था। कार्यवाही के बाद अवैध कब्जाधारियों को समझाइश देते हुए हिदायत दी गई है कि यदि अगली बार पुन: कब्जा किया तो वन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर वन भूमि के अवैध कब्जे का मामला न्यायालय में पेश किया जायेगा। गौरतलब है कि जब से वन अधिकार पट्टे के वितरण की लोक लुभावने सरकार के वादे सामने आया है, तब से बस्तर संभाग में लगातार जंगल में अवैध रूप से कब्जाकर झोपडपट्टियां बनाकर कब्जा करने का मामला बड़े पैमाने पर सामने आने लगा है।

छग कांग्रेस को बड़ा झटका अभिषेक शुक्ला भाजपा में शामिल

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है. अभिषेक शुक्ला ने बीजेपी का दामन थाम लिया है. दरअसल अभिषेक शुक्ला कांग्रेस के बालोद जिला अध्यक्ष रह चुके हैं. साथ ही कामदा जोहले भी क्चछवक्क में शामिल हुई, जोहले सारंगढ़ विधायक रह चुकी हैं. वही विजय अग्रवाल की घरवापसी हो गई है। विजय अग्रवाल की घर वापसी से उनके समर्थको में जबर्दस्त उत्साह भर गया है। प्रदेश स्तर पर भाजपा की बैठक में आला नेताओं की उपस्थिति में निर्णय हुआ और विजय अग्रवाल की घरवापसी पर मुहर लग गई। इस दौरान बीजेपी दफ्तर एकात्म परिसर में रमन सिंह और नितिन नबीन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

17 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अवैध कारोबार के रोकथाम के लिए निर्देशित कि गया है उसी तारतम्य में को ग्राम चचिया थाना करतला निवासी बृजेश राठिया के द्वारा अपने घर में अवैध शराब रखकर बिक्री करने की मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवं मान नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा योगेश साहू के पर्यवेक्षण में बृजेश राठिया के घर छापा मारा गया जिसके घर से कुल 3 जरीकेन में 17 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ। आरोपी को धारा 34-2, आबकारी एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अंतिम आहरण पर रोक

रायपुर (आरएनएस)। शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुरानी पेंशन योजना बहाल किए जाने के मद्देनजर नवीन अंशदायी पेंशन योजना के अंतिम आहरण पर रोक लगायी गयी है। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत आहरण किया जाना अनुचित है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 01 नवम्बर 2004 से लागू नवीन अंशदायी पेंशन योजना (सीपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शासकीय सेवकों के अप्रैल माह के वेतन से नियमानुसार सामान्य भविष्य नीधि की कटौती किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

राज्य में अब तक लम्पी स्कीन रोग का एक भी मामला नहीं

- पशु चिकित्सा विभाग का अमला पशुपालकों को संक्रमण के रोकथाम के बता रहा उपाय
- अन्य राज्यों से पशुओं के आवागमन पर रोक लगाने चेक पोस्ट पर रखी जा रही है निगरानी
- वेक्टर नियंत्रण एवं रिंग वैक्सीनेशन कराने के निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में पशुओं के लंपी स्किन रोग का अभी तक कोई भी मामला सामने नहीं आया है। लंपी स्किन रोग की आशंका को देखते हुए पशु चिकित्सा विभाग का मैदानी अमला बीते एक महीने से अलर्ट मोड में है और वह गांवों का निरन्तर भ्रमण कर पशुओं को लम्पी रोग से बचाव के उपाय पशु पालकों बता रहा है।

पशुओं में लम्पी स्कीन रोग का मामला देश के राजस्थान, गुजरात सहित अन्य राज्यों में प्रकाश में आते ही छत्तीसगढ़ में पशुओं को इस रोग से बचाने के लिए संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने अगस्त माह पहले सप्ताह में ही गाईड लाईन जारी कर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए थे।

छत्तीसगढ़ राज्य के 18 जिलों की सीमाए अन्य राज्यों से जुड़ी हुई है,जहां से बीमार पशुओं के आवागमन की संभावना को देखते हुए सीमावर्ती ग्रामों में पर चेक पोस्ट लगाकर नियमित चेकिंग में निगरानी रखी जा रही है। इन गांवों में पशु मेला को प्रतिबंधित करने के साथ ही बिचौलियों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

गौरतलब है कि लम्पी स्कीन डिसिज गौवंशीय एवं भैसवंशीय पशुओं में फैलने वाला विषाणुजनित संक्रामक रोग है। इस रोग का मुख्य वाहक मच्छर, मक्खी एवं किलनी है, जिसके माध्यम से स्वस्थ पशुओं में यह संक्रमण फैलता है।रोगग्रस्त पशुओं में 02 से 03 दिन तक मध्यम बुखार का लक्षण मिलता है. इसके बाद प्रभावित पशुओं की चमडी मे गोल-गोल गांठें उभर आती है। लगातार बुखार होने के कारण पशुओं के खुराक पर विपरित प्रभाव पड़ता है, जिसके वजह से दुधारू पशुओं में दुग्ध उत्पादन एवं भारसाधक पशुओं की कार्यक्षमता कम हो जाती है। रोगग्रस्त पशु दो से तीन सप्ताह में स्वस्थ हो जाते है. परंतु शारिरिक दुर्बलता के कारण दुग्ध उत्पादन कई सप्ताह तक प्रभावित होता है। इस रोग से 10 से 20 प्रतिशत पशु प्रभावित होते हैं. जिसमे से 01 से 05 प्रतिशत तक के पशुओं की मृत्यु संभावित है।

वर्तमान में प्रदेश मे इस रोग के लक्षण नहीं पाये गये है। एहतियात के तौर पर जिलों मे पशु हाट-बाजारों का आयोजन पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के ग्रामों में अस्थायी रूप में चेकपोस्ट बनाया गया है, ताकि पड़ोसी राज्यों से प्रवेश करने वाले पशुओं को रोका जा सके।सीमावर्ती ग्रामों में पशुओं को इस रोग के सक्रमण से बचाने हेतु गोट-पास्क वैक्सीन द्वारा प्रतिबंधात्मक टीकाकरण किया जा रहा है।

इस रोग से पशुओं के रोगग्रस्त होने की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त मात्रा मे औषधियों की व्यवस्था क्षेत्रीय संस्थाओं मे की गई है। इसके अतिरिक्त विषम परिस्थिति से निपटने के लिये जिलों में पर्याप्त बजट उपलब्ध कराया गया है. ताकि टीकादव्य समय पर क्रय कर अन्य ग्रामों के पशुओं मे प्रतिबंधात्मक टीकाकरण का कार्य तेजी से किया जा सके।

पशुओं के आवास में जीवाणु नाशक दवा का छिडक़ाव एवं पशुओं में जू- कॉलनीनाशक दवा का छिडक़ाव हेतु सलाह दी गई है ताकि इस रोग पर नियंत्रण रखा जा सके।

राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी इंस्पायर अवॉर्ड मानक में छत्तीसगढ़ से दो प्रतिभागी चयनित : स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

रायपुर (आरएनएस)। देश की राजधानी नई दिल्ली में बीते 14 से 16 सितम्बर तक इंस्पायर अवॉर्ड मानक तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से लगभग कुल 560 प्रतिभागी अपने आईडिया, मॉडल एवं प्रोजेक्ट के साथ शामिल हुए। इंस्पायर अवार्ड मानक एवं विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा निर्धारित निर्णायक समिति के सदस्यों द्वारा सभी आईडिया, मॉडल एवं प्रोजेक्ट का अवलोकन एवं मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया के पश्चात छत्तीसगढ़ के दो स्कूली छात्रों के प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रदर्शनी व प्रतियोगिता के चयनित 60 प्रतिभागियों को विज्ञान भवन नई दिल्ली में समापन समारोह में केन्द्रीय मंत्री, अंतरिक्ष विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग, स्वतंत्र प्रभार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय जितेन्द्र सिंह ने पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ सुनील कुमार जैन के मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं नेतृत्व में तथा राज्य नोडल अधिकारी एवं उप संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ आशुतोष चावरे के दिशा-निर्देशों के अनुसार 30 प्रतिभागी एवं 07 अधिकारी तथा गाइड शिक्षक टीम लीडर सहायक राज्य नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ हरीश वरू के साथ नई दिल्ली पहुंचे थे। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों से चयनित 60 प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़ से 02 प्रतिभागी जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, रायपुर के छात्र अदित द्वारा बनाए गए बायोडिग्रेडेबल नेचुरल स्वीटनर कोटेड डिस्पोजेबल के साथ एंबेडेड औषधीय इम्यूनोबूस्टर जड़ी-बूटी मिश्रण एवं विचक्षण जैन विद्यापीठ कुम्हारी दुर्ग के छात्र हरित चंदानी द्वारा बनाए प्रोजेक्ट चाईल्ड लॉक एल.पी.जी. सिलेण्डर के आइडिया को चयनित किया गया।

इंस्पायर अवॉर्ड मानक एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतिभागियों में छत्तीसगढ़ के चयनित सभी प्रतिभागियों को संचालक, लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ सुनील कुमार जैन, राज्य नोडल अधिकारी एवं उप संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ आशुतोष चावरे, सहायक राज्य नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक लोक शिक्षण छत्तीसगढ़ हरीश बरू तथा इंस्पायर कक्ष प्रभारी दिनेश कुमार बंजारे एवं वैभव साहू तथा सभी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी, ब्लॉक नोडल अधिकारी गाइड शिक्षक तथा इंस्पायर टीम की तरफ ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

विश्वकर्मा विसर्जन करते युवक पानी मे डूबा,48 घन्टे बाद मिली लाश

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के तखतपुर में विश्वकर्मा भगवान विसर्जन करने आए युवक पानी में डूबने से लापता हो गया था वो बेलसरी एनिकट में मिला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यूपी निवासी विजय राणा उम्र (26) साल तखतपुर स्थित जरेली डामर प्लांट में काम करता था वह अपने दोस्तों के साथ 18 सितंबर की रात्रि 9 बजे विश्वकर्मा भगवान को विसर्जन करने के लिए मनियारी नदी एनीकट के आया था नदी में तेज बहाव था जहां युवक गहराई में चले गया।

पानी के तेज बहाव होने से युवक विजय राणा बह गया। उनके दोस्त कुछ देर तक युवक को ढूँढे लेकिन युवक कही नही मिला इस बात की जानकारी तखतपुर पुलिस को दी गई काफ़ी रात होने जाने के कारण युवक कही नहीं मिला। सोमवार की सुबह बिलासपुर से एसडीआरएफ टीम पहुँची जहां मनियारी नदी में युवक को ढूंढा गया । बिलासपुर एसडीआरएफ टीम के साथ गोताखोर बनकर ढूंढने निकल पड़े पूरे मनियारी नदी में युवक को ढूँढा गया लेकिन विजय का कही पता नहीं चला उसके बाद ही नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास द्वारा टीम को बेलसरी डैम की ओर ले जाया गया ।

युवक विजय राणा सुबह मंगलवार की पानी में तैरता दिखा।शव मिलने के बाद स्थानीय लोगो ने तखतपुर थाने में सूचना दी जहां थाना स्टाफ मौके पर पहुंचकर शव को पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया।

वनांचल के डकैत गिरोह का सरगना गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। वनांचल क्षेत्र में विशेषकर बालकोनगर, रजगामार, करतला थाना क्षेत्रों के साप्ताहिक बाजारों में नया गिरोह बनाकर व्यवसायियों के साथ डकैती वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के सरगना को कल देर शाम कोरबा कोर्ट मार्ग पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि इस गिरोह का मास्टर माइंड फरार है जिसकी भी तलाश जारी है।

घटना दिनांक 18 अप्रैल देर शाम 7 बजे के लगभग कोरकोमा निवासी मछली व्यवसायी परदेशी राम सारथी 42 वर्ष पिता शांतिलाल चाकामार साप्ताहिक बाजार में मछली दुकान लगाया था। उसी समय वनांचल क्षेत्र रजगामार, करतला व बालको आने-जाने वाले व्यवसायियों से लूटपाट व डकैती करने वाले गिरोह का सरगना युवराज कुर्रे उम्र 24 पिता राजेंद्र कुर्रे निवासी गोढ़ी अपने गिरोह के मास्टर माइंड ईश्वर यादव उम्र 24 बेंदरकोना तथा राजबन मंझवार उम्र 25 एवं 4 किशोरों के साथ वहां पहुंचा और मछली व्यवसायी परदेशी को धारदार हथियार दिखाकर उसके गल्ले में बिक्री रकम 2500 रुपए नगद तथा 15 के जी मछली बलपूर्वक डकैती वारदात को अंजाम देकर वहां से धमकी देते हुए भाग निकला। इस घटना के बाद चाकामार बाजार के व्यवसायी भयाक्रांत हो गए थे।

घटना की रिपोर्ट किये जाने पर अपराध क्रमांक 247/22 धारा 395 भादवि के तहत राजबन मंझवार और चार किशोरों को पकडक़र न्यायालय भेज दिया गया था। रजगामार चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने हमराह आरक्षक राजू लहरे, टंकेश पटेल और प्रेमचंद साहू के साथ घेराबंदी कर सरगना युवराज को गिरफ्तार कर लिया जबकि फरार ईश्वर यादव की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सटोरियों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाई

- 23 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के डीडीनगर पुलिस के टीम ने तीन अलग-अलग मामले में सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई कर कुल 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के 7 लेपटाप, 26 नग मोबाइल, 13 नग सट्टा हिसाब बुक, 11 नग चेकबुक, 3 नग पासबुक, एटीएम लेदर केस, केलकुलेटर व नकदी 73510 रुपए जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हुए सीएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि एंटी क्राइम, सायबर युनिट तथा डीडीनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर के बताए स्थान में तीन अलग-अलग जगह इंद्रप्रस्थ वॉटर पार्क के सामने, डीडीनगर सेक्टर-4 व चंगोराभाठा स्थित कर्मा चौके पास दबिश देकर महादेव ऑनलाइन बुक एप्लिकेशन एवं रेड्डी ऑनलाइन बुक वेबसाइट का आईडी तैयार कर लेपटाप एवं मोबाइल से सेटअप तैयार कर सट्टा संचालित करते 23 सटोरियों सहित 2 अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम पियुष हिरानी, रोहन माण्डले, निखिल सिंह, अंकित कुमार सिंह, विकास कुमार, शेखर नायक, विजय चौहान, कन्हैया वर्मा, चंद्रशेखर अहिरवार, अभिषेक गजभिये, मनोज शुक्ला, कुशाल, प्रज्जवल हिरानी, हरि कुमार, सुरेन्द्र कुमार सिंह, विक्रम सिंह, हरि उपाध्याय, अर्पित वर्मा, जय सिंह पटेल, सौरभ पटेल, रूद्र कुमार सोनी, राजेश कुमार पटेल तथा प्रसंग गौर होना बताया।साथ ही सटोरियों द्वारा सेटअप तैयार कर महादेव ऑनलाईन बुक एप्लिकेशन एवं रेड्डी ऑनलाइन बुक वेबसाइट का आईडी तैयार ऑनलाईन लाईव लूडो, फुटबॉल, कसिनो गेम में सट्टा का संचालन करना स्वीकार किया है। जिस पर टीम द्वारा सटोरियों सहित 2 अपचारी बालकों को गिरफ्तार किया है।

सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 7 नग लैपटॉप, 26 नग मोबाइल फोन, 13 नग सट्टा से संबंधित हिसाब बुक, 11 नग चेकबुक, 3 नग पासबुक, 1 नग एटीएम लेदर केस, 1 नग कैलकुलेटर, नगदी रकम 73,510 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 4(क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ट्रेलर की चपेट में आने से बालक की मौत, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

बिलासपुर (आरएनएस)। जिले के सीपत रोड में तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से 2 साल के बच्चे की मौत हो गई बालक अपने पिता के साथ बाइक में बैठकर जा रहा था रास्ते में उसका पिता रुका बच्चा सडक़ किनारे बाइक के पास खड़ा था उसी समय ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया इस हादसे के बाद भडक़े लोगों ने बिलासपुर बलौदा मार्ग में 3 घंटे तक चक्काजाम कर दिया मृतक बालक के परिजन को मुआवजा राशि देने के बाद मामला शांत हुआ घटना सीपत थाना क्षेत्र की है जानकारी के अनुसार बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बछौद निवासी लखनलाल जगत खेती किसानी करता है वह अपने 2 साल के बेटे विक्रांत को बाइक में बैठा कर सोमवार की सुबह जाने के लिए निकला था दोनों पिता-पुत्र सुबह करीब 8:00 बजे ग्राम कुली स्थित पुल के पास पहुंचे थे पुल के पास लखन लाल ने अपनी बाइक रोकी इसके बाद वह अपने बेटे को बाइक से उतारकर शौच करने के लिए नाले की तरफ गया था 2 साल का मासूम बालक विक्रांत बाइक के पास खड़ा था तभी तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मुआवजे की मांग को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्काजाम इस हादसे की जानकारी मिलते ही वहां आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई घटना के बाद आरोपी चालक ट्रेलर लेकर भाग गया था मासूम की मौत के बाद भीड़ ने चक्का जाम कर दिया इधर एक्सीडेंट और चक्काजाम की जानकारी मिलते सीपत टीआई हरीश तंडेकर मौके पर पहुंच गए उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश दी लेकिन मृतक के परिजन को मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे तहसीलदार ने दी मुआवजा राशि तब खत्म हुआ चक्काजाम एक्सीडेंट के बाद वहां भारी वाहनों की कतार लग गई बस कार सहित बाइक को भी लोगों ने रोक दिया इसके चलते 3 घंटे तक लोग परेशान होते रहे भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सरकंडा थाने के साथ ही पुलिस को भी भेजा गया लेकिन ग्रामीण मुआवजा देने के बाद ही सडक़ पर आवागमन चालू करने की मांग पर अड़े रहे दोपहर करीब 12:00 बजे तहसीलदार पहुंचे और बच्चे के पिता को ?25000 सहायता राशि दी तब जाकर चक्का जाम समाप्त हुआ।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

केवल केंचुआ पालने से ही सच हो गए सपने, एजुकेशन में किया निवेश - मुख्यमंत्री

- भूपेश है तो भरोसा है, जनवाक्य बन चुके इस कथन को ध्येय वाक्य बनाती अकलवारा की महिला समूहों ने अपनी उम्मीदें पूरी की

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर, 20 सितम्बर 2022/केवल केंचुआ पालने से भी लोगों के सपने सच हो सकते हैं, इस पर विश्वास करना कठिन है, लेकिन केवल 6 महीनों के भीतर अकलवारा गांव की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने यह सच कर दिखाया है। समूह की महिलाओं ने 2 लाख 88 हजार रुपये की कमाई केंचुआ बज्

अण्डे व्यवसाय से हुई एक लाख रूपए की आमदनी- लक्ष्मी साहू को व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए डीएमएफ से सहयोग दिया गया। साहू के लगन और मेहनत की बदौलत अंडे का उत्पादन का व्यवसाय प्रारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि अंडा बेचकर उसने अब तक 1 लाख रुपये कमा चुकी हैं। अब तुम्हारे स्कूल में एक दिन छत्तीसगढ़ी में भी पढ़ाई होगी। स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की। सोनार कोसरे ने बताया कि मैं हेड बॉय हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा तुम अंग्रेजी में बोल रहे हो ठीक है पर छत्तीसगढ़ी में भी बोलो। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्या सुविधा मिली है। बच्चे ने कहा, लैब है। लाइब्रेरी है। मुख्यमंत्री ने पूछा और फीस । बच्चे ने कहा वो तो एक रुपया भी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तुम्हारे स्कूल में एक दिन छत्तीसगढ़ी में भी पढ़ाई होगी। एक लाख में काम नहीं होगा बाबू, 2 लाख दूंगा। मुख्यमंत्री ने एमबीबीएस के लिए चयनित शिवेंद्र को कहा, जब पैसा सिरा जाहि तब फिर आबे। एक लाख में काम नहीं होगा बाबू, 2 लाख दूंगा। वर्मी कम्पोस्ट पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से जानकारी ली।यदुश्वरी ने कहा कि वर्मी में बढिय़ा लाभ हुआ है। 250 क्विंटल बनाया है। पैसा नहीं आया। मुख्यमंत्री ने कहा, कल रायपुर जाऊंगा और पैसा आपके खाते में आ जायेगा। कुछ किसान वर्मी भी डाले और कुछ रासायनिक कुछ लोग दोनों। एक किसान ने बताया कि वर्मी में भी बढिय़ा लाभ है। मोहित मराठा ने अनुरोध किया कि तालाब में गंदा पानी जाता है। गुरुर नगर पंचायत में आवेदन देता हूँ तो कहता है कि कोई योजना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा ठीक कराएंगे आपकी समस्या। बिजली बिल में मिल रही राहत पर भी मुख्यमंत्री ने पूछा। हितग्राही ने विस्तार से इस बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को बताया कि बिजली बिल हाफ योजना के लिए 2200 करोड़ हमने दिए हैं।